# बिछुआ बग्गू की पुलिया जर्जर, हादसे की आशंका



## सरपंच ने दी जनांदोलन की चेतावनी

**रामाकोना, देशबन्धु।** ग्राम रामाकोना से कुछ किलोमीटर दुरी पर स्थित ग्राम बिछुआ बग्गू रोड पर बनी पीडब्लूडी की पुलिया बरसो से क्षतिग्रस्त अवस्था में है। कई बार ग्रामीणों द्वारा इसको लेकर अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया किन्तु इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

क्षतिग्रस्त पुलिया के कारण कुछ दिनों पूर्व एक ट्रैक्टर का एक पहिया पुलिया में धस गया था बावजूद इसके विभाग इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है, जबकि इस क्षतिग्रस्त अवस्था वाली पुलिया के कारण रोजाना रात के अंधेरे में एवं दिन के उजाले मे भी हादसे हो रहे है ।

ग्राम पंचायत के सरपंच प्रमोद पातुरकर ने देशबन्धु को प्रेस विज्ञप्ति देकर बताया की ग्राम बिछुआ बग्गू की सड़क पर बनी पीडब्लूडी की पुलिया कई दिनों से क्षतिग्रस्त अवस्था में है इसको लेकर कई बार ज्ञापन दिये है लेकिन अभी यदि विभाग द्वारा जल्द से जल्द पुलिया काम निर्माण कार्य नहीं किया जाता है तो बड़ा जन आंदोलन किया जाएगा।

**इनका कहना है –**

इस पुलिया का निर्माण कार्य जल्द से जल्द किया जाए अन्यथा ग्रामवासियों द्वारा जन आंदोलन किया जाएगा ।

**प्रमोद पातुरकर,** सरपंच बिछुआ बग्गू

पुलिया का निर्माण कार्य अत्यंत आवश्यक है पुलिया क्षतिग्रस्त हुआ है ।

**यश ठाकुर,** युवा नेता भाजपा

इस पुलिया एवं सड़क दोनों का इस्टीमेट एवं प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है, जैसी ही स्वीकृति होगा निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा ।

**सुधांशु चौरसिया** एसडीओ, पीडब्ल्यूडी विभाग

# कागजों में हो गई वार्षिक आम सभा

## किसानों ने की समितियों की जांच की मांग

**बिछुआ, देशबन्धु।** आमदानी अट्ठनी... खर्चा रूपईया...फिल्म का एक गीत है जो बिछुआ ब्लाक की नौ आदिम जाति सहकारी समितियों पर सही बैठती है। खर्च हज़ार रूपए नहीं हुए और समिति प्रबंधकों ने निकाल लिए पचासों हजार रुपए तक की राशि। मिली जानकारी के अनुसार कुछ ही समिति प्रबंधकों ने वार्षिक आम सभा के नाम पर कम ही राशि निकाली है। मामला वर्ष 2024 में हुई वार्षिक आम सभाओं का है जो समिति प्रबंधकों ने अपनी-अपनी मनमर्जी से कागजों में वार्षिक आम सभा संपन्न करा ली। समिति प्रबंधकों ने कागजों में वार्षिक आम सभा आयोजित कर कोरम पूरा कर लिया। ना किसानों को सूचना दी ना अधिकारियों को। अपने-अपने तरीके से समिति प्रबंधकों ने शासन का पैसै का दुरूपयोग कर समिति प्रबंधकों ने वार्षिक आम के नाम पर लाखों रुपए का न्यारा-व्यारा कर लिया।

**अखबारों में बिना विज्ञापन निकाले हो गई वार्षिक आम सभा**– बिछुआ ब्लाक की कुछ ही समितियों ने दैनिक अखबारों में विज्ञापन निकाले है। बाकी समितियों ने





**मामला बिछुआ ब्लाक की नौ आदिम जाति सहकारी समितियों का**

विज्ञापन तक नहीं निकाले और समितियों में लगा लिए हजारों रुपए के बिल बाउचर।

**समितियों की जांच नहीं होती इसलिए नहीं डरते समिति प्रबंधक** – बिछुआ ब्लाक में पदस्थ समिति प्रबंधकों को डर नहीं है। क्योंकि समितियों की जांच नहीं होती ना ही प्रशासक को समितियों की कोई चिंता। प्रशासक भी समितियों के चैक पर आंख मूंद कर हस्ताक्षर कर देते हैं। क्योंकि प्रशासक अपना हिस्सा मिल जाता है। इसलिए समिति प्रबंधकों के हौसले बुलंद हैं।

**किसानों ने की समितियों की जांच की मांग** – बिछुआ ब्लाक के किसानों ने वर्ष 2024 में आयोजित हुई वार्षिक आम सभाओं की जांच की मांग की है। किसानों ने कहा कि प्रति वर्ष वार्षिक आम सभा होती है लेकिन किसानों को कोई सूचना नहीं दी जाती है ना ही समितियों की ओर से कोई प्रचार प्रसार किया जाता है। समितियां अपनी मनमानी कर वार्षिक आम सभा कागजों में आयोजित करा लेती है। इसी वजह से कुछ समिति प्रबंधकों के हौसले बुलंद हो गए हैं।

**शाखा प्रबंधक के सामने फर्जी बिल बाउचर लगा कर निकाल ली राशि** – कुछ समितियों ने अपनी-अपनी मनमर्जी से बिल बाउचर लगाकर शाखा प्रबंधक के सामने रखकर राशि निकाल ली। जबकि वार्षिक आम सभा के नाम पर हजार रुपए भी खर्च नहीं किए गए। सिर्फ और सिर्फ कागजों में वार्षिक आम सभा आयोजित की गई है। जांच होने पर पूरा मामला सामने आ जाएगा।

**इनका कहना है–**

वार्षिक आम सभा के नाम पर दो ही समितियों ने खर्चा निकाला है। बिछुआ समिति में कुछ ही लोग आए थे।

**लोकेश माहेश्वरी,** शाखा प्रबंधक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित शाखा बिछुआ

## सार-समाचार

### छात्रों को दी कृषि संबंधित जानकारी



**सौसर, देशबन्धु ।** 08 नवम्बर 2024 को सी एम राइज़ शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सौसर में कृषि ट्रेड में अध्यनरत कक्षा 11वीं 12वीं 9वीं (फ्लोरिकल्चरिस्ट एवं सोलेनेसी क्रॉप कल्टीवेशन) क्लास के छात्र-छात्राओं को अतिथि व्याख्यान कृषि विज्ञान केन्द्र छिंदवाड़ा के वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉक्टर डी सी श्रीवास्तव एवं तकनीकी अधिकारी नितेश गुप्ता के द्वारा चमेली की खेती एवं क्रोसेंड्रा की खेती तथा मृदा का महत्व उसके गुण संरचना काली मिट्टी लाल मिट्टी तथा मिट्टी परीक्षण के बारे में तथा कृषि से रोजगार प्राप्त करने की जानकारी दी गई । विद्यार्थियो को वरिष्ठ वैज्ञानिको का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ एवं कृषि क्षेत्र में हो रहे नवीन अनुसंधानो की जानकारी मिली संस्था प्राचार्य शैलजा बत्रा एवं उप प्राचार्य संजय गवनेकर ,वी. टी. सूरज साहू की उपस्तिथि में व्याख्यान संपन्न हुआ।

### छात्रों ने बनाई कबाड़ से जुगाड़ कर शैक्षिक सामग्री

**गोटेगांव, देशबन्धु।** विगत दिवस सरस्वती शिशु मंदिर गोटेगांव में कक्षा प्रथम से पंचम तक के भैया बहनों द्वारा शिक्षण सामग्री टीएम का प्रयोग कर उसकी स्थिति दी भैया बहनों के इस प्रयोग से उनके शैक्षणिक गुणवत्ता की ओर एक कदम आगे है। सभी भैया बहनों को प्रोत्साहन हेतु उनकी सराहना की गई। शैक्षणिक सामग्री कबाड़ से जुगाड़ अन्य सामग्रियों द्वारा शैक्षिक सामग्री बनाकर लाने हेतु प्रधानाचार्य नर्मदा गुप्ता ने उन्हें प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर सभी कक्षा चारी का विशेष योगदान रहा अंजना दीक्षित पूजा यादव किशोर शुक्ला संजय जैन सरदार पटेल वंदना पटेल का योगदान रहा । प्रति दिन भैया बहनों से आचार्य स्वयं भी शिक्षण सामग्री बनाकर लाइन यह कार्य गुणवत्ता एवं विद्यालय के शैक्षणिक प्रगति में सहायक होगा संस्था व्यवस्थापक राजकुमार जैन ने इस कार्य की सराहना की।



### जादू नहीं विज्ञान, सीखना सिखाना आसान, कार्यक्रम आयोजित

**छपारा, देशबन्धु ।** जादू नही विज्ञान, समझना-समझाना आसान है विषय पर शासकीय हाई स्कूल मारबोड़ी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विज्ञान के शिक्षक राजकुमार डहेरिया द्वारा प्रयोग प्रदर्शन कर समाज में फैली भ्रांतियों एवं अंधविश्वास को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से समझकर किसी ढ़ोगी बाबा, तांत्रिक के चक्कर में न पड़ने से अवगत कराया गया। कार्यक्रम की सराहना करते हुए प्राचार्य डी पी सनोडिया ने कहा कि सभी बच्चे घर जाकर अपने अपने माता पिता एवं ग्रामीणों को बताये की किसी भी अंधविश्वास व भ्रांति में न पड़े इसके लिये प्रेरित करे इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विज्ञान सहाये एवं शाला के सभी शिक्षकों का सहयोग रहा।



### धूमधाम से मनाई सहत्रबाहू जयंती

**रामाकोना, देशबन्धु।** प्रतिवर्षानुसार कलार समाज द्वारा 8 नवम्बर को सहत्रबाहू जयंती बड़े ही हर्षोल्लास से मनाई गई । यह कर्यक्रम विगत 13 वर्षो से मनाया जा रहा है । इस वर्ष यह कार्यक्रम आशीर्वाद लॉन रामाकोना में मनाया गया। सर्व प्रथम पूजा अर्चना की गई ,फिर नन्हें-मुन्ने बच्चों के द्वारा रगारंग प्रस्तुति दी गई । कार्यक्रम में राम लक्ष्मण सबसे ज्यादा आकर्षक रहे जिसकी समिति के द्वारा पूजा अर्चना भी की गई । इस जयति में विशेष रुप से भागीदारी पुनाराम बाविस्टाले, संजय जायसवाल, शंकर राठौर, कैलाश चौरागड़े, राहुल जायसवाल, अजय राठौर, प्रल्हाद चौरागड़े, योगेश बाविस्टाले, कृष्णा चौरागड़े, विजय बाविस्टाले, तरुण लोनारे, शैलेश चौरागड़े, रमन चौरागड़े, विलाश चौरागड़े, धर्मेन्द्र नशीने, पुरुषोत्तम बाविस्टाले, संजय राठौर अन्य सामाजिक बंदु उपस्थित थे।



# भागवत कथा के पहले दिन राजा परीक्षित का प्रसंग

**मोहगांव हवेली / सौंसर, देशबन्धु ।** हर कोई इंसान राजा परीक्षित हैं जिन्हें सात दिन में इस दुनिया को छोड़कर जाना हैं। उक्त उद्गार भागवताचार्य मुन्नाजी महाराज ने अर्धनारीश्वर ज्योतिर्लिंग की भूमि पर वंजारी भवन मोहगांव हवेली में चल रही श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के प्रथम दिन की कथा में कहें।

स्व. कल्पनाबाई स्व. शालिग्राम वंजारी तथा स्व. गुणाबाई स्व. डोमाजी वंजारी इनकी स्मृति में में आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के आज प्रथम दिन की कथा में राजा परीक्षित एवं सुखदेव महाराज की कथा सुनाते हुए भागवताचार्य मुन्नाजी महाराज ने भागवत कथा का महात्म्य बताते हुए कहा कि, इस संसार में हर कोई इंसान राजा परीक्षित हैं, जिन्हें सात दिन में इस दुनिया से विदा होना है। आयोजक डॉ. गोपाल वंजारी ने बताया कि, राष्ट्रसंत



तुकडोजी महाराज का दो बार रात्री विश्राम रहा ऐसे स्थान वंजारी भवन मोहगांव हवेली में शुक्रवार 15 नवम्बर तक दोपहर 2 से 5 बजे तक भागवताचार्य मुन्नाजी महाराज इनके मुखारविंद से श्रीमद् भागवत महापुराण कथा तथा सायं 6-30 बजे से 7 बजे तक राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज रचित सर्वधर्म सामुदायिक प्रार्थना होगी।

डॉ. वंजारी ने बताया कि, शाम 7 से 8 बजे तक, कल रविवार को राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज इनका तत्वज्ञान इस विषय पर ह.भ.प. भुसारी महाराज (ब्रम्हपुरी, महाराष्ट्र) इनका प्रवचन, सोमवार को प.पू. भैय्याजी महाराज रचित अध्यात्म पर प्रार्थना स्त्रोत पर ह.भ.प. गुर्वे महाराज इनका प्रवचन, मंगलवार को प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की राजयोगिनी ब्रम्हकुमारी अनुराधा दीदी इसके श्रीमुख से दिव्य प्रवचन, बुधवार को अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा गायत्री दीप महायज्ञ, गुरुवार को बलजीत सिंह महाराज के शिष्य वर्ग द्वारा सत्संग कार्यक्रम होगा।

उसी प्रकार गुरुवार 14 नवम्बर को सुबह 8 से 11 बजे तक गायत्री महायज्ञ तथा शुक्रवार 15 नवम्बर को दोपहर 12 से 2 बजे तक श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का समापन एवं उसके पश्चात् महाप्रसाद होगा। सभी कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहकर कार्यक्रम का पुण्य लाभ लेने की अपील की गई हैं।

# परमात्मा के करीब रहने वाले नहीं फंसते जाल में

**करेली, देशबन्धु।** अनंत जन्मों के पुण्यों से भागवत कथा श्रवण करने मिलती है। भागवत के मर्म को व्यास भगवान जानते हैं, सुखदेव जी जानते हैं, क्योंकि वह परमहंस हैं।

माया का जाल बिछा है, जो परमात्मा से विमुख है, वह इस जाल में फंसेगा। जिस तरह मछुआरे के पास रहने वाली मछली उसके जाल में नहीं फंसती जबकि दूर रहने वाली मछली जाल में फस जाती है। इसी तरह परमात्मा के समीप रहने बाले जीव माया क जाल में नहीं फंसते और मोक्ष पाते हैं। श्री हनुमान मंदिर, पुरानी गल्ला मंडी प्रांगण में नगर के नेमा-सेठ परिवार के संयोजकत्व में आयोजित सप्त दिवसीय श्रीमद भागवत कथा महापुराण के प्रथम दिवस कथा व्यास, परम पूज्य संत अनंत श्री विभूषित, महामंडलेश्वर, गुरुदेव श्री ब्रह्मचारी जी महाराज मंगलेश्वर तीर्थ, सिद्ध मांगरोल धाम बापौली वालों के द्वारा भागवत कथा अमृत प्रवाह किया गया।

जीव के वास्तविक सुख को परिभाषित करते हुए कथा व्यास पूज्य ब्रह्मचारी जी ने कहा कि सिर्फ भोग विलास आनंद, इंद्रियों के सुख, सुख की परिभाषा नहीं हैं, यह सुख भ्रामक हैं, यह सिर्फ सुखाभास है। सुख वह है



जिसे दुख छू भी ना सके और ऐसा सुख सिर्फ सुसुप्तावस्था में है, जहां काम, क्रोध, लोभ, मोह या अन्य कोई नहीं होता, वहां सिर्फ आप होते हैं और आप स्वयं आनंद स्वरूप है, परमात्मा का अंश हैं। प्रतिदिन दोपहर 2:30 बजे से संध्या 5:30 बजे तक आयोजित कथा प्रसंग में बड़ी संख्या में धर्मानुरागीजन उपस्थित होकर धर्मलाभ ले रहे हैं।

# मजदूरों का पुलिस सत्यापन करायें गुड़ भट्ठी मालिक

**गोटेगांव, देशबन्धु।** गोटेगांव के पुलिस थाना प्रांगण में शासन के दिशा निर्देशानुसार गोटेगांव के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र के गुड़ भट्टी मालिको की मीटिंग आयोजित की गयी । जिसमें बताया गया कि शुगर मिल संचालक शुगर मिल में कार्य करने वाले प्रत्येक व्यक्ति, मजदूरों का थाने से पुलिस सत्यापन अनिवार्य रूप से करायेंगे एवं इसके लिए वे पुलिस थाने को संबंधित मजदूरों व संचालकों व अन्य व्यक्तियों के निवास व पहचान से संबंधित दस्तावेज उपलब्ध करायेंगे। वे उनका रिकार्ड एक रजिस्टर में रखेंगे, उनके नाम, पता, मोबाइल नंबर, निवास स्थान, कार्यस्थल पर आने का दिनांक व कार्य स्थल छोड़कर जाने का दिनांक तथा अन्य आवश्यक प्रविष्टियां अनिवार्य रूप से दर्ज करेंगे।

उल्लेखनीय है निकट समय में गुड़ भट्टियां एवं शुगर मिल प्रारंभ की जायेगी। इनमें कार्य करने के लिए अन्य जिले एवं प्रदेश के बाहर से भट्टियां संचालित करने मजदूर आते हैं। बाहरी व्यक्तियों के



आवागमन एवं पतासाजी करने में कठिनाई होती है। पूर्व में देखा गया है कि बाहर से आने वाले भट्टी संचालक किसानों एवं मजदूरों का भुगतान किये बिना भाग जाते हैं।

इससे किसानों द्वारा शिकायतें की जाती हैं एवं आंदोलन की स्थिति निर्मित होती है। ऐसे किसानों, जिनकी जमीनों पर गुड़ भट्टियां संचालित हो रही हैं, उनका यह उत्तरदायित्व निर्धारित किया जाये कि वे बाहर से आने वाले संचालकों एवं मजदूरों के चरित्र सत्यापन के लिए उनका सम्पूर्ण विवरण लेकर पुलिस थाने में उपलब्ध करायें। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी देवती परते,पुलिस एसडीओपी भावना मरावी, थाना प्रभारी प्रदीप सराफ एवं गुड भट्टी संचालक मौजूद रहे।



**गोटेगांव, देशबन्धु।** आज सिविल न्यायालय के यशस्वी मजिस्ट्रेट माननीय बॉबी सोनकर से शरद नेमा पत्रकार ने सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर नेमा ने न्यायाधीश महोदय को देशबन्धु जबलपुर की प्रति भेंट की।

फोटो -शरद नेमा

# छात्रों ने निकाली जागरूकता रैली

**गोटेगांव, देशबन्धु ।** गोटेगांव में आज जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नरसिंहपुर (म.प्र.) के निर्देशानुसार न्यायालय की तहसील विधिक सेवा समिति, गोटेगांव द्वारा 09 नवम्बर 2024 को प्रात: 10 बजे से सिविल कोर्ट न्यायालय से विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का एवं नशे के प्रति जागरूकता रैली निकाली गई।



आयोजित रैली में तहसील विधिक सेवा समिति गोटेगांव के अध्यक्ष / न्यायिक मजिस्ट्रेट बॉबी सोनकर,विधिक अधिकारी कृष्णा धुर्वे, थाना प्रभारी प्रदीप सराफ,पैरालीगल वालेंटियर शाहिल मेहरा एवं सभी अधिवक्ता अभय जैन सहित एवं विद्यालय के छात्र मौजूद रहे। आयोजित शिविर न्यायोत्सव: विधिक सेवा सप्ताह के तहत जनसामान्य तक न्याय की पहुंच सुनिश्चित करने एवं न्याय के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है साथ ही नशा पीड़ितों को विधिक सेवाऐं एवं नशा उन्मूलन के लिए विधिक सेवाएँ योजना, 2015 के बारे में जानकारी प्रदान की गई। नशे से व्यक्ति के पारिवारिक, सामिाजिक, एवं आर्थिक जीवन के दुष्परिणाम, आर्थिक बोझ, पारिवारिक समन्वयता के अभाव के बारे में बताया गया। किशोरों को नशे से मुक्त रहने के लिए जागरूक किया गया एवं किसी अन्य व्यक्ति को तम्बाखू का सेवन करते देखे जाने पर रोको-टोको की भी समझाईश दी गई। जागरूकता रैली को सिविल न्यायाधीश महोदय ने हरि झंडी दिखाकर रवाना किया रैली सिविल कोर्ट से शुरू होकर पेट्रोल पंप,भगतराम चौराहा फ़ौहारा चौक से होते हुए पुन: सिविल कोर्ट में रैली समाप्त हुई।

# सेवानिवृत कर्मचारियों का सम्मान



**सौसर, देशबन्धु।** शासकीय सिविल अस्पताल सौसर में शुक्रवार को खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ योगेश शुक्ला के द्वारा विगत माह सेवानिवृत्त कर्मचारी लैब टेकनीशियन राजेश तिवारी, एवं फार्मासिस्ट के पद पर कार्यरत हसमुख स्वभाव के धनी प्रभाकर भकने ,का सेवानिवृत्ति होने के उपरांत स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया साथ ही फील्ड स्टाफ एएनएम सिंधु मिसाल ,एवं नलिनी मिशाल, ड्रेसर किशोर सोनारे ,को सॉल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया, इस अवसर पर शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर रूपेश बोकडे, रवि प्रसाद तुमराम, बी सी एम श्रीराम अहिरवार, बीपीएम नवनीत बोरकर मलेरिया निरीक्षक सुरेश आगरकर,एम टी एस श्याम शर्मा, नर्सिंग ऑफिसर कुमुद पिंपलकर, कविता गावंडे ,नीलिमा कुरोठे, नीतू पवार, प्रदीप अम्बडकर,आबिद खान, सुरेश सोमकुमर, शरद घोलसे ने शुभकामनाएं प्रेषित किया ।

# अमानक उर्वरक बेचने पर एफआईआर दर्ज

**सिवनी, देशबन्धु ।** जिले में कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के निर्देशानुसार अमानक कृषि आदान सामग्री विक्रय करने वालों पर कृषि विभाग द्वारा सक्रियता से कार्यवाही की जा रही हैं। शुक्रवार को केवलारी थाने में अमानक उर्वरक विक्रय करने वाले प्रकाश चौधरी निवासी नगरवाड़ा बालाघाट के विरुध्द एफआईआर दर्ज कराई गई है।

अनावेदक प्रकाश चौधरी द्वारा बगैर उर्वरक लाइसेंस के मानक 30 बोरी डीएपी उर्वरक को कृषक गिरिवर निवासी कोहका को बेचना पाया गया। उक्त उर्वरक की प्रयोग शाला में कराई गई जांच में उक्त उर्वरक अमानक स्तर के पाए गए हैं। जिसके चलते अनावेदक प्रकाश चौधरी पर आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3,7 एवं उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 की धारा 7,19 सी(द्वद्व) एवं भारतीय न्याय संहिता की धारा 318 के तहत एफआईआर दर्ज की गई है।

## दैनिक राशिफल

**रविवार 10 नवम्बर 2024 का पंचांग विक्रम संवत् 2081, शक संवत 1946 हिजरी 1445। कार्तिक शुक्ल पक्ष की नवमी, नक्षत्र- शतभिषा।**

**मेष**
आज आप समाज, मित्रों से सम्बंधित कामों में व्यस्त रहेंगे। उनके लिए पैसे भी खर्च हो सकते हैं।

**तुला**
आज बौद्धिक काम और चर्चा आपके लिए महत्वपूर्ण रहेंगे। आज आप कल्पना और सृजनशीलता का अच्छा उपयोग कर सकेंगे।

**वृषभ**
आज आप नए काम की शुरुआत कर सकेंगे। भाग्य आपके साथ है। नौकरी करने वालों के लिए दिन अच्छा है।

**वृश्चिक**
आज आपको तन-मन में किसी बात का डर बना रहेगा। सगे-सम्बंधियों के साथ संघर्ष आपको विचलित कर सकते हैं।

**मिथुन**
आज आपको थोड़ी कठिनाई का सामना करना पड़ेगा। थकान और सुस्ती अनुभव करेंगे। सोचे अनुसार काम नहीं हो सकेगा। आपके मन में चिंता रहेगी। `क-

**धनु**
आप अध्यात्म में विशेष रुचि रखेंगे। मानसिक शांति और आनंद प्राप्त कर सकेंगे। दोस्तों के साथ आपके संबंध अधिक प्रगाढ़ होंगे। आज आप नए काम शुरू कर सकेंगे।

**कर्क**
उग्रता और नकारात्मकता आपके मन को बेचैन कर देंगे। मन पर नियंत्रण रखना आवश्यक है। खान-पान में सावधानी रखना आवश्यक है। स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

**मकर**
वाणी पर संयम रखेंगे, तो बहुत सी कठिनाइयों से बच सकेंगे। परिजनों के साथ छोटे-मोटे मतभेद आपको मानसिक रूप से अस्वस्थ करेंगे।

**सिंह**
आपके वैवाहिक जीवन में थोड़ा मतभेद होने से आप दु:ख का अनुभव करेंगे। पति अथवा पत्नी की तबीयत खराब होने की आशंका बनी रहेगी।

**कुंभ**
आज आप शारीरिक और मानसिक रूप से ताजगी का अनुभव करेंगे। आर्थिक दृष्टि से आपका आज का दिन लाभदायक साबित होगा।

**कन्या**
आज परिस्थिति आपके अनुकूल रहेगी। आपके घर-परिवार में सुख- शांति रहेगी। इस कारण मानसिक प्रसन्नता का अनुभव करेंगे। आपके जीवन में कुछ सुखद प्रसंग बन सकते हैं।

**मीन**
आज आपका मन एकाग्र नहीं हो रहेगा। आपको भय और उलझन का अनुभव होगा। आपके द्वारा धार्मिक कार्यक्रम में खर्च करने की संभावना है।

**म.**